# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-170 | सागवाड़ बुधवार,23 फरवरी, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)




## डूंगरपुर को बजट में मुख्यमंत्री गहलोत ने दी

# 1678 करोड 42 लाख के विकास कार्यो की सौगात




**राजस्थान बजट-2022**

### वागड़ टूरिस्ट सर्किट से डूंगरपुर में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, विभिन्न सिंचाई व पेयजल परियोजनाओ से किसानों व आमजन को दी राहत

**डूंगरपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज बुधवार को विधानसभा में राज्य का आम बजट पेश किया। मुख्यमंत्री गहलोत ने डूंगरपुर जिले के सहित प्रदेशभर में कई सौगाते दी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने डूंगरपुर जिले को सिंचाई, पेयजल, खेल, पर्यटन, पुलिस, चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में 1678 करोड 42 लाख के विकास कार्यो की घोषणा की है। इधर बजट में मिली सौगातो पर जनता व कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने खुशी जाहिर करते हुए आतिशबाजी की वही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया है।

बजट के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने डूंगरपुर जिले में विभिन्न क्षेत्रो में 1678 करोड 42 लाख के विकास कार्यो की घोषणा की है। वही इसके अलावा डूंगरपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डूंगरपुर - बांसवाड़ा में वागड़ टूरिस्ट सर्किट बनाने की घोषणा की है। जिससे दोनों जिलों के प्रमुख पर्यटन स्थलों का विकास होने के साथ टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। डूंगरपुर में देवसोमनाथ शिव मंदिर, बेणेश्वर धाम, गलियाकोट विश्व प्रसिद्ध पीर फखरुद्धिन की दरगाह, सोमकमला आंबा बांध समेत बांसवाड़ा के प्रमुख स्थानों को टूरिस्ट सर्किट से जोड़ा जाएगा। वही इसके साथ ही सरोदा में पुलिस थाना, सागवाड़ा में ड्रैनेज सिस्टम, सागवाड़ा के टामटिया पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत,चौरासी सीमलवाड़ा में खेल छात्रावास की घोषणा की है। इधर बजट में डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, एवं गेस्ट्रोएट्रोलॉजी में सुपर स्पेशिलिटी सुविधाए शुरू करने, कालीबाई भील योजना में मेधावी छात्राओं को प्रतिवर्ष मिलने वाली स्कूटियो की संख्या बढाने, क्षतिग्रस्त सडको को दुरुस्त करवाने, सिंचाई परियोजना के नवीनीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 200 करोड़ के बजट की घोषणा के साथ सागवाडा में 20 करोड़ की लागत से भीखाभाई भील टाउन हाल का निर्माण करने की घोषणा की है।

### बजट में डूंगरपुर को ये भी दी सौगात

* 92 करोड़ की लागत से उदयपुर- बांसवाडा राज्यमार्ग पर माही नदी पर उच्च स्तरीय लसाडा पुल निर्माण कार्य, धरियावाद-पीठ सड़क और सीमलवाडा बायपास निर्माण
* सागवाडा नगरपालिका को कडाना क्षेत्र की ।6 बीघा भूमि निशुल्क उपलब्ध करवाने की घोषणा
* जल जीवन मिशन में 104 करोड़ 49 लाख की लागत से सोमकमला आम्बा बाँध से आसपुर पेयजल परियोजना
* 885 करोड़ 56 लाख की लागत से चिखली, सीमलवाडा व झोथरी तक माही नदी से पेयजल परियोजना
* 427 करोड़ 69 लाख की लागत से बेणेश्वर एनिकट से साबला व सागवाडा की पेयजल परियोजना
* 26 करोड़ 64 लाख की लागत से सोम नदी पर आसपुर में वनवासा ग्राम सिंचाई परियोजना
* 35 करोड़ 16 लाख की लागत से सोम नदी पर आसपुर में धोलपुरा ग्राम सिंचाई परियोजना
* 31 करोड़ 45 लाख की लागत से सोम नदी पर आसपुर में भभराना ग्राम सिंचाई परियोजना
* । करोड़ ।4 लाख की लागत से डूंगरपुर में नयागाँव फारस ग्राम सिंचाई परियोजना
* 13 करोड़ 25 लाख की लागत से डूंगरपुर में बालडिट गमेती फला कलस्टर परियोजना
* 18 करोड़ 35 लाख की लागत से डूंगरपुर में हंगालीवाला, हान्जूडुंगडा एवं पिपलादा कलस्टर परियोजना
* 16 करोड़ 9 लाख की लागत से मांडवीया, मोदर-1, मोदर-2 और मोदर-3 कलस्टर परियोजना

# कड़ाणा विभाग की 76 बीघा भूमि सागवाड़ा पालिका को मिलने से बदलेगी शहर की सुरत, 20 करोड़ टाउनहॉल के लिए मिले

### मुख्यमंत्री की बजट घोषणा से उत्साहित कांग्रेसी कार्यकर्ता, शहर में 15 किमी की सड़कें बनेंगी



सागवाड़ा गोल चौराहे पर खुशी व्यक्त करते कांग्रेसी

**सागवाड़ा।** राज्य के बजट में सागवाड़ा शहर के लिए इस बार भी बहुत कुछ मिला है। सागवाड़ा शहर के विकास और सौंदर्यीकरण को लेकर मुख्यमंत्री ने घोषणाएं की है। इसके तहत कड़ाणा विभाग की ।6 बीघा भूमि नगर पालिका सागवाड़ा को आवंटित कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने बजट में इस की घोषणा कर दी। स्व. भीखा भाई भील के नाम से 20 करोड़ रुपये दिये है जिसके तहत शहर में अत्याधुनिक टाउनहॉल का निर्माण किया जाएगा। साथ ही शहर में डेनेज और अन्य आधारभूत कार्यो के लिए भी राशि दी गई है। इसके अलावा 15 किमी. डामर सडकों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताते हुए कहा कि इन घोषणा से सागवाड़ा शहर की सुरत बदल जाएगी। पूर्व राज्यमंत्री



दिनेश खोडनिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को इस संबंध में ज्ञापन सौंप कर मांग की गई थी। इस बजट में उम्मीद भी थी कि विकास की कई घोषणा होगी। कड़ाणा विभाग की भूमि पालिका को सौंपे जाने से अब विकास हो पाएगा। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री के इस फैसलें से सागवाड़ा के विकास और सौंदर्यीकरण की राह भी खुलेगी। सार्वजनिक और सरकारी कार्य के लिए इस भूमि का उपयोग हो सकेगा।

पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि 427 करोड़ 69 लाख की लागत से बेणेश्वर एनिकट से साबला व सागवाड़ा की पेयजल परियोजना शुरू होगी। इसमें सागवाड़ा शहर सहित आसपास के गांवों में शुद्ध पेयजल मिल सकेगा।

### शहरी क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे

शहरों में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू करने का स्वागत है। इससे शहरों में न सिर्फ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि शहरों में विकास के काम भी होंगे। शहर में रोजगार गारंटी योजना की मांग मुख्यमंत्री जी से की गई थी।

जनजाति उपयोजना क्षेत्र के शहरों में रोजगार गारंटी योजना वरदान साबित होगी। यहां छोटे शहरों के कारण रोजगार के अवसर कम होते है ऐसे में यह योजना शहरी क्षेत्र के लिये स्वागत योग्य है।

### बड़े शहरों की तर्ज पर बनेगा 20 करोड़ टाउनहॉल

पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि सागवाड़ा में बड़े शहरों के तर्ज पर 20 करोड़ रुपये की लागत से टाउनहाल का निर्माण होगा। सागवाड़ा के कद्दावर नेता स्व. भीखा भाई भील के नाम से इसका निर्माण किया जाएगा। इसकी मांग शहर में लंबे समय से की जा रही थी।

### एनएच-48 पर रोंग साइड आ रहे ट्रोले से टकराया

# कंटेनर टक्कर से लगी आग में कंटेनर चालक जला जिंदा

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में एनएच 48 पर बीती रात लहणा घाटी के पास एक कंटेनर और ट्रोले में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहनों में आग लग गई जिससे कंटेनर चालक आग में जिंदा जल गया। खाली ट्रोले के रोंग साइड आने से ये हादसा हुआ। इधर हादसे के बाद हाइवे कई घंटों तक जाम रहा। बिछीवाड़ा थाना अधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि एक कंटेनर पानीपत से गत्ते के रोल भरकर गुजरात के सूरत की ओर जा रहा था। इस दौरान बीती रात एनएच-48 पर लहणा घाटी में सामने से रोंग साइड से आ रहे एक खाली ट्रोले से कंटेनर की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में कंटेनर चालक इलाहाबाद निवासी कर्म बहादुर सिंह यादव कंटेनर में फस गया वही कंटेनर का खलासी इलाहाबाद निवासी सुनील विश्वकर्मा कंटेनर से कूद गया। इधर टक्कर के बाद शॉर्ट सर्किट से कंटेनर और ट्रोले में आग लग गई जिसकी वजह से कंटेनर में फंसा हुआ चालक कर्म बहादुरसिंह यादव जिंदा जल गया। वही रोंग साइड से आ रहे ट्रोले का चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद एनएच 48 पर जाम लग गया वहीं सूचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। वही पुलिस ने डूंगरपुर फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर डूंगरपुर शहर से फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग को बुझाया । इसके बाद पुलिस ने जिंदा जले चालक के शव को कंटेनर से निकलवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया।

वही बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने जले हुए वाहनों को हाइवे से हटाने के लिए क्रेन बुलवाई वही कड़ी मशक्कत के बाद दोनों साइड में करवाते हुए ट्रैफिक को बहाल कराया। इधर हादसे के चलते कई घण्टो तक जाम लगा रहा जिससे आवागमन बाधित रहा। फिलहाल पुलिस हादसे में जिंदा बचे कंटेनर के खलासी से पूछताछ कर रही है वही फरार हुए ट्रोला चालक की तलाश की जा रही है।